# ‘इन्वेस्ट राजस्थान समिट 2022’

## चर्चा में क्यों?

7 अक्टूबर, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जेईसीसी सीतापुरा, जयपुर में आयोजित दोदिवसीय ‘इन्वेस्ट राजस्थान समिट 2022’ का उद्घाटन किया।

## प्रमुख बिंदु

- इस दोदिवसीय समिट में दुनिया भर के सबसे प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट समूहों के गणमान्य व्यक्ति शामिल हो रहे हैं। समिट के तहत आयोजित कॉन्क्लेव एवं पैनल डिस्किशन में इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स एवं लीडर्स द्वारा अपने अनुभव साझा किये जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने समिट के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि इस दोदिवसीय समिट से राज्य में बड़े पैमाने पर निवेश आ रहा है। समिट से पूर्व ही निवेशकों के साथ राज्य सरकार द्वारा लगभग 11 लाख करोड़ रुपए के एमओयू कर लिये गए हैं। इसके ज़रिये लगभग 10 लाख लोगों को रोज़गार मिलने की संभावना है। पहली बार ‘कमिटेड एंड डिलिवर्ड’की थीम पर प्राथमिकता के साथ एमओयू साईन किये गए हैं।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राज्य में विभिन्न ज़िलों में 25 औद्योगिक क्षेत्रों का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने 18 औद्योगिक इकाईयों का लोकार्पण व 33 औद्योगिक इकाईयों का शिलायास भी किया। उक्त शिलान्यास व लोकार्पण से जहाँ एक ओर राज्य में विभिन्न ज़िलों में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी, वहीं स्थानीय स्तर पर रोज़गार व राजस्व में वृद्धि होगी।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट व असाधारण कार्यों से देश-विदेश में राजस्थान को गौरवान्वित करने वाली 6 विभूतियों को ‘राजस्थान रत्न सम्मान’ से सम्मानित भी किया। इन सभी को प्रशस्ति-पत्र, शॉल, मोमेन्टो व 1 लाख रुपए की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।
- इनमें न्याय के क्षेत्र से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में नियुक्त न्यायाधीश दलवीर भंडारी, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढ़ा, उद्योग के क्षेत्र से वेदांता ग्रुप के चेयरमैन अनिल अग्रवाल, आर्सेलर मित्तल के चेयरमैन एलएन मित्तल तथा कला के क्षेत्र में प्रसिद्ध निर्माता केसी मालू व प्रसिद्ध उर्दू शायर शीन काफ निजाम को ‘राजस्थान रत्न’ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- समिट के पहले दिन 5 कॉन्क्लेव- एनआरआर, टूरिज़्म, स्टार्ट-अप, एग्री-बिज़िनेस और फ्यूचर रेडी सेक्टर पर कॉन्क्लेव आयोजित किये गए, जबकि समिट के दूसरे दिन एमएसएमई कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री ने नॉन रेजीडेंट राजस्थानी (एनआरआर) कॉन्क्लेव सत्र के दौरान पहली नॉन रेजीडेंट राजस्थानी (एनआरआर) पॉलिसी और राजस्थान फाउंडेशन की वेबसाइट को भी लॉन्च किया।
- समिट के अंतरगत आयोजित फ्यूचर रेडी सेक्टर कॉन्क्लेव- एक्सप्लोरिंग इन्वेस्टमेंट इन फ्यूचर रेडी सेक्टर्स को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि राजस्थान देश में पहला प्रदेश होगा, जो ग्रीन हाइड्रोजन नीति को लागू करेगा।
- उल्लेखनीय है कि इस समिट के आयोजन के लिये कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) को नेशनल पार्टनर नियुक्त किया गया है, जो समिट के आयोजन के लिये राज्य सरकार को सहयोग प्रदान कर रहा है।
- मुख्यमंत्री ने इन्वेस्ट राजस्थान समिट के दौरान ‘राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022’ (रिप्स-2022) भी लॉन्च की। इसके अंतरगत राज्य में व्यापक स्तर पर रोज़गार सृजित करने वाले, अनुसूचित जनजाति/जाति के उत्थान में योगदान देने वाले तथा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने वाले उद्योगों को प्रोत्साहन दिया जाएगा।
- राजस्थान इन्वेस्टमेंट प्रमोशन स्कीम 2022 के अंतरगत इस प्रकार के उद्योगों के लिये कई तरह की सब्सिडी तथा आईजीएसटी पुनर्भरण का प्रावधान किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/invest-rajasthan-summit-2022